# प्राकट्योत्सव पर नर्मदा तटों पर कार्यक्रमों की धूम



## यहां नर्मदामयी हुई संस्कारधानी

## सुबह से नर्मदा तटों पर लगा भक्तों का तांता

## जगह जगह सजे पंडाल, मां नर्मदा का पूजन

**जबलपुर, यशभारत।** नर्मदा जन्मोत्सव प्राकट्योत्सव को लेकर आज शनिवार को ग्वारीघाट से लेकर तिलवारा और ग्रामीण क्षेत्रों के नर्मदा तटों पर भक्तों का तांता लगा रहा सुबह स्नान करने वाले और पूजन पाठ करने वाले भक्त तटों पर पहुंचे और मां नर्मदा का आव्हान किया शहर की बात करें तो पूरी संस्कारधानी मां नर्मदा की भक्ति में डूबी नजर आ रही है। धार्मिक आयोजन से लेकर भंडारों के लिये जगह जगह पंडाल सज गये हैं वहीं कुछ स्थानों पर मां नर्मदा की प्रतिमा स्थापित कर पूजन अर्चन का दौर भी शुरू है मां नर्मदा की भक्ति में हर वर्ग शामिल है इधर श्रद्वालुओं को मां नर्मदा के तट पर पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो उसकी पूरी व्यवस्था जिला प्रशासन ने की हुई कौन सा वाहन किस रूट से आयेगा और जायेगा। इसको लेकर यातायात पुलिस ने रूट तैयार किया है इसी के तहत सुबह से नर्मदा तटों के बाहर पुलिस तैनात थी दूसरी ओर मां नर्मदा की भक्ति में युवा वर्ग ने बढचढकर हिस्सा लिया पूजन अर्चन कर अपने अंदाज में सैल्फी और रील बनाकर स्टेटस अपडेट भक्तिभाव को व्यक्त किया । एक वर्ग ऐसा भी था जो नर्मदा तटों पर धार्मिक कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया और प्रसाद वितरण किया। उपनगरीय क्षेत्र जैसे अधारताल गढ़ा रांझी सहित अन्य क्षेत्र मां नर्मदा की भक्ति में डूब चुके हैं सुबह से इन क्षेत्रों में सामाजिक और धार्मिक संस्थायें और राजनीति से जुडे लोगों ने बैनर पोस्टर लगाकर भक्तिभाव प्रदर्शित किया।



नर्मदा नित्य आरती मंडल परिवार एवं नर्मदा सेवा संस्थान के तत्वावधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माँ नर्मदा प्राक्टयोत्सव पर आज सुबह 8.00 बजे माँ नर्मदा जी का पूजन, 8.30 बजे माँ नर्मदा की प्रातः कालीन आरती 11.00 बजे से आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर 75 पौधों का वितरण, तिरंगा झंडा लगाकर 12.00 बजे से विभिन्न माध्यमों से माँ नर्मदा को प्रदूषणमुक्त एवं स्वच्छ रखने हेतु अभियान शुरू हुआ। शाम 4.00 बजे अवधपुरी से माँ नर्मदा जन्माधाय यात्रा. सांय 7.00 बजे से माँ की अखण्ड महाआरती ,बनारस की आरतियों द्वारा एवं महाप्रसाद वितरण, तत्पश्चात 1100 दीयों से माँ नर्मदा श्रृंगार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम , माँ नर्मदा त्रिकाल आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ नर्मदा जन्मोत्सव 2023 का समापन होगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक एवं पूर्व मंत्री तरूण भनोत जी. एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू आदि उपस्थित रहेंगे। इस असवर नर्मदा सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुजीत अवस्थी प्रदीपचौकसे, दिलीप अग्रवाल, विकास मिनोचा, अभिषेक मिश्रा, आदि ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।



## नौग्रह करेंगे मां नर्मदा की महाआरती

मां नर्मदा प्रकट उत्सव पर्व पर विश्वास सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा ग्वारीघाट जबलपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां नर्मदा प्राक्टयोत्सव धूम-धाम से सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन साथ मनाया जाएगा। विश्वास संस्था अध्यक्ष एवं अंत्योदय प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अमर मिश्रा ने बताया कि विश्वास सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 28 जनवरी को मां नर्मदा का प्रकटोत्सव पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा इसी कड़ी में सुबह 11:00 बजे गो पूजन, 1:00 बजे रुद्राभिषेक, 5:00 बजे कन्या पूजन एवं 7:00 बजे विशेष आकर्षण का केंद्र नौ ग्रहों द्वारा मां नर्मदा की महाआरती साधु संत जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गणमान्य नागरिक करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील संस्था के गौरी शंकर दुबे, शक्ति मिश्रा, हेमंत साहू, वीरेंद्र श्रीवास्तव, शिवम चौबे, अचल तिवारी, अक्षय चौबे, आशीष चौबे, दिनेश मिश्रा, अमित सैनी, हरशु चौबे,संदीप शर्मा, आदेश श्रीवास, गुरदीप सिंह, सौरभ चौधरी,नरेंद्र झरिया, नवल बर्मन अंकित बैन आदि ने की है।

## निर्झरणी महोत्सव का आयोजन भेड़ाघाट में

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप नर्मदा प्राक्टयोत्सव आज निर्झरणी महोत्सव के रूप में भेड़ाघाट में मनाया जायेगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ संयोजित की जा रही है, जिसमें जबलपुर की सुश्री शैली धोपे एवं साथियों द्वारा नर्मदा केन्द्रित नृत्य किया जावेगा। साथ ही जबलपुर के ही मनीष अग्रवाल एवं उनके साथियों द्वारा भक्ति गायन व शहडोल निवासी मुनिन्द्र मिश्रा एवं उनके साथियों द्वारा लोक गायन की प्रस्तुति होगी।



## प्रशासन है मुस्तैद

श्रद्धालुओं की अपार भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम किए गए। पुलिस ने अतिरिक्त बल नर्मदा प्राकट्योत्सव के लिए स्वीकृत किया है। ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी जायेगी। नगर निगम ने अतिरिक्त कर्मचारी सफाई के लिए लगाए हैं। कई दिनों पूर्व से आसपास के जिलों में व्यवस्थाओं के इंतजाम किए गए। इसके लिए नर्मदा तटों पर पहुंचने वाले सभी प्रमुख मार्गों को वन-वे किया गया है वहीं बैरियर और स्टॉपर लगा कर जगह-जगह रुट डायवर्ट किए गए हैं।

## जवानों की लगाई गई ड्यूटी

कलेक्टर के निर्देश पर घाटों पर सुरक्षा के लिए होमगार्ड और एसडीआरएफ के जवानों की दो दिवसीय ड्यूटी लगाई है। सभी जवान बचाव उपकरणों सहित नर्मदा के घाटों पर ड्यूटी दे रहे हैं। सड़कों में किसी भी तरह का जाम न लगे इसको लेकर यातायात पुलिस ने अपनी तैयारियां कर ली है। दरअसल इस बार कुछ अलग ही ट्रैफिक व्यवस्था की गई है। गौरीघाट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अब तिलहरी से वापस लौटना पड़ेगा। किसी भी प्रकार के लोडिंग या भारी वाहन रामपुर के आगे नहीं जा पाएंगे। मेट्रो बस को गणेश मंदिर तक जाने की अनुमति होगी। वहीं दूसरी तरफ टेकनाका तक ऑटो को प्रवेश मिलेगा।

## 1100 फुट की चुनरी से मा नर्मदा का हुआ अदभुत श्रृंगार

मां नर्मदा उमाशंकर चुनरी भक्त समिति के द्वारा वे 20 वे वर्ष मां नर्मदा प्रकटउत्सव की पूर्व संध्या पर उमाघाट ग्वारीघाट में दंडी स्वामी प्यारे नंद जी महाराज ज्ञानेश्वरी दीदी मैत्री दीदी स्वामी पागलआनंद स्वामी मुकुंद दास इंद्रभान महाराज राम बहादुर महाराज चंद्रशेखर नंद महाराज संपूर्णा दीदी शिरोमणि दीदी रोहित महाराज रामेश्वर दास संतोष शास्त्री सहित बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल योगेंद्र दुबे के नेतृत्व में उमाघाट में इस पार से उस पार गुरुद्वारा घाट तक नर्मदा जी को 1100 फुट की चुनरी से श्रृंगार किया गया संतो ने स्वच्छता के साथ नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया इस अवसर पर नर्मदा जी का पादुका पूजन दुग्ध अभिषेक महआरती कन्या पूजन भंडारा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए । नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं समिति के संरक्षक डॉ सुधीर अग्रवाल चुनरी समिति के अध्यक्ष जय किशन गुप्ता नर्मदा पुत्र कान्यकुब्ज वेश्य हलवाई महिला मंडल की बहनों ने विशेष परिधान पहनकर नर्मदा जी का आशीर्वाद लिया अमर सिंह ठाकुर राकेश अहिरवार सोनू सैनी प्रमोद नागर सुरेंद्र खरे राजेश साहू समीर पटेल नितेश पटेल अतुल विश्वकर्मा संदीप ठाकुर मोनू सोनकर आशीष बाजपेई गोलू पुरी गोस्वामी सोनू पंडा मनोज कमल विश्वकर्मा की है।



## यातायात व्यवस्था - (ट्रेफिक प्लान)

मॉ नर्मदा प्राक्टयोत्सव पर अत्याधिक संख्या में श्रद्धालुगण ग्वारीघाट/तिलवाराघाट/ भेड़ाघाट में मॉ नर्मदा के पूजन अर्चन एवं स्नान आदि के लिये जायेंगे जिसे ध्यान मे रखते हुये पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा के मार्ग दर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर/यातायात प्रदीप कुमार शेण्डे के अनुसार निम्नानुसार व्यवस्था रहेगी - ग्वारीघाट की यातायात व्यवस्था - (ट्रेफिक प्लान)

## डायवर्सन व्यवस्था

मेट्रो बसों के अलावा सभी प्रकार के भारी वाहन/लोडिंग वाहन आदि रामपुर चौक तक ही जा सकेंगे, इसके आगे कोई भी बसें/टाटा 407 आदि वाहन नहीं जा सकेगें।

## ग्वारीघाट पहुच मार्ग

सभी प्रकार के दो पहिया/चार पहिया वाहन रामपुर चौक से बिगबजार ,सुखसागर वैली से होते हुये जायेंगे जो नशामुक्ति केन्द्र/यूनियन बैंक के बाजू से एवं अवधपुरी मोड से बायें डायवर्ट होकर अवधपुरी कालोनी होते हुए आयुर्वेदिक संस्थान पार्किग परिसर (दशहरा मैदान) गेट नम्बर 01 से प्रवेश करेगें एवं दशहरा मैदान में ही पार्क होगें। बिलहरी तिलहरी मण्डला रोड तरफ से आने वाले वाहन तिलहरी ग्राम, कालीधाम, भिटौली कुण्ड होते हुये गीताधाम के सामने ग्राउन्ड में पार्क होगें।

## ग्वारीघाट से वापसी मार्ग

सभी प्रकार के वाहन दशहरा मैदान गेट नम्बर 02 से बाहर निकलकर आयुर्वेदिक संस्थान, गीताधाम, मरघटाई मोड, भिटौली कुण्ड, कालीधाम, छिवला ग्राम, तिलहरी ग्राम, जेडाक्स कॉलेज होते हुये तिलहरी क्रासिंग, बिलहरी, पेन्टीनाका पहुचेगें। मेट्रो बसें रामपुर चौक, बिग बाजार, खंदारीनाला, अवधपुरी से सिद्धगणेश मंदिर तक जा सकेगी तथा सिद्धगणेश मंदिर परिसर में सवारियों को उतारकर इसी मार्ग से वापस खंदारीनाला, बिग बाजार, रामपुर चौक होकर वापस जावेंगी, लेकिन किसी भी स्थिति में मेट्रो बसें रामपुर से सिद्धगणश मंदिर तक न तो बीच रास्ते में सवारियों बैठायगी, न उतारेंगी अर्थात् रोड पर नहीं रूकेगी। अत्याधिक भीड़ भाड़ होने पर मेट्रो बसें होटल आकाशगंगा के सामने खेल मैदान तक ही जा सकेगीं। समस्त सवारी आटो/आपे रामपुर चौक, बिगबाजार से रेतनाका तक जा सकेंगे। इसके उपरांत रेतनाका से दाहिने डायवर्ट होकर पुराने रेल्वे ट्रेक होते हुये रामलला मंदिर तक जा सकेंगे तथा सवारियों को उतारकर इसी मार्ग से वापस रेतनाका, बिगबाजार, रामपुर चौक होकर वापस जावेंगें, लेकिन किसी भी स्थिति में आटो/आपे रामपुर से रेतनाका तक न तो बीच रास्ते में सवारियां बैठायगी, न उतारेंगी अर्थात् रोड पर नहीं रूकेगी। अत्याधिक भीड़ भाड़ होने पर सवारी आटो/आपे कृष्णा हाईटस पोलिपाथर तक ही जा सकेगें। आम जनता तथा श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा की दृष्टि से रामलला मंदिर से झण्डा चौक, साकेतधाम, वर्मन मोहल्ला, जिलहरी मोड, आयुर्वेदिक संस्थान के सामने तथा ग्वारीघाट के आसपास वाले सभी गलियो को नो व्हीकल जोन बनाया जावेगा। अत: उन क्षेत्रों के नागरिकों से विनम्र अपील है कि आम जनता के हित के लिये एवं स्वयं की असुविधा से बचने के लिए स्वयं के प्रायवेट दो पहिया/चार पहिया वाहनों को उक्त मार्ग पर न निकाले, और न ही वाहनां को आम रोड पर खड़ा करें। गोराबाजार, बिलहरी, तिलहरी, अथवा बरेला की ओर से आने वाले सभी प्रकार के बड़े लोडिंग वाहन तिलहरी मोड से भिटौली होकर कालीधाम या ग्वारीघाट वाले रास्ते से नहीं आ सकेंगे।

**पार्किंग व्यवस्था:-** दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किग निम्न स्थलों पर की जा सकेगी।

**पार्किंग पी 1-** आयुर्वेदिक संस्थान स्थित दशहरा मैदान

**पार्किंग पी 2-** गीताधाम के सामने मैदान मे

भेड़ाघाट की यातायात व्यवस्था - (ट्रेफिक प्लान)



## डायवर्सन व्यवस्था

सगडा बायपास की ओर से जाने वाले वाहन-मेट्रो बसों के अलावा सभी प्रकार के भारी वाहन/लोडिंग वाहन चौकीताल वायपास से भेड़ाघाट मार्ग की ओर नहीं जा सकेंगें। सगड़ा वायपास की ओर से आनी वाली मेट्रो बसें एवं सवारी आटो/आपे चौकीताल से लम्हेटाघाट होकर भेडाघाट हाईस्कूल भड़पुरा तिराहा तक ही जा सकेंगें। भेडाघाट चौराहे की ओर से जाने वाले वाहन- मेट्रो बसों के अलावा सभी प्रकार के भारी वाहन/लोडिंग वाहन सरस्वतीघाट मार्ग की ओर नहीं जा सकेंगें। भेडाघाट चौराहे की ओर से आनी वाली सभी मेट्रो बसों एवं सवारी आटो/आपे भे?ाघाट जनपद पंचायत मैदान तक ही जा सकेगें।

## पार्किंग व्यवस्था :-दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग स्थल

भेड़ाघाट चौराहे से आने वाले वाहनो हेतु - समस्त बड़े वाहनों हेतु - भेड़ाघाट पुलिस लाईन पार्किंग मैदान दो पहिया/हल्के चार पहिया वाहन हेतु - हरे कृष्ण आश्रम के सामने, जनपद पंचायत भेड़ाघाट पार्किंग दो पहिया/हल्के चार पहिया वाहन हेतु - हेलीपेड मैदान तिलवाराघाट की यातायात व्यवस्था- (ट्रेफिक प्लान)

## डायवर्सन व्यवस्था

शहर से आने वाले सभी प्रकार के बड़े/मध्यम वाहन त्रिपुरी चौक, मेडीकल, शास्त्रीनगर से सगड़ा तिराहा तक जा सकेगें। बाद दाहिने टर्न होकर सगड़ा वायपास होकर जावेगें। सिवनी तरफ से आने वाले सभी प्रकार के बड़े/मध्यम वाहन तिलवारा पुल से शहर की तरफ नहीं जा सकेगें आगे बढ़कर सगड़ा वायपास से सगडा चौराहा, शास्त्रीनगर, मेडीकल एंव पाटन वायपास होकर जावेगें। पार्किग स्थल-दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किग स्थल- लिटिल वर्ल्ड स्कूल मैदान पार्किग तिलवारा नया पुल के नीचे पार्किग।

## नर्मदा महाआरती का 11वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**जबलपुर, यशभारत।** नर्मदा महाआरती का 11वां स्थापना दिवस बसंत पंचमी को मनाया गया। महाआरती में साधु-संतों के साथ अपार जनमेदिनी तालियां बजाकर जयकारा लगा रही थी। रेवा की जल लहरी में महाआरती के दीपों के प्रतिबिंबों से समग्र परिदृश्य को अतीव मनोहारी बन गया था। नर्मदा महाआरती के बाद उमाघाट में महाआरती की ब्रांड एम्बेसडर तेजस्वनी दुबे द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। संस्थापक संयोजक पं. ओंकार दुबे ने बताया कि 11 साल पहले बसंत पंचमी के दिन नर्मदा महाआरती की शुरूआत की गई थी। तब से लगातार प्रतिदिन निर्धारित समय पर मां नर्मदा की महाआरती भक्तों द्वारा की जा रही है। महाआरती में अभी तक देश के राष्ट्रपति से लेकर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सहित कई प्रदेशों के राज्यपाल और मंत्रियों सहित विदेशों से आए भक्त भी शामिल हो चुके हैं। खास बात यह है कि कोरोना काल में भी महाआरती की भव्यता मां नर्मदा की कृपा से बनी रही। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी 74 वे गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुण्य सलिला नर्मदा के उमाघाट पहुंचकर नर्मदा पूजन कर महाआरती की।



शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें



## महापौर "अन्नू" और विधायक घनघोरिया ने किया मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा का किया सम्मान

## नगर निगम संभाग रॉझी में किया उत्कृष्ट कार्य

**जबलपुर,यशभारत।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर निगम रॉझी संभाग के गोकलपुर वार्ड स्थित सामुदायिक भवन में एक भव्य ध्वजारोहण समारोंह आयोजित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं विधायक लखन घनघोरिया ने गोकलपुर वार्ड के पार्षद श्रीमती रितु राजेश यादव, पार्षद श्रीमती रीना ऋषि यादव, वरिष्ठ समाज सेवी शिव यादव, सुमित कालिया, के साथ सैंक?ों गणमान्यजनों की उपस्थिति में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा एवं वार्ड सुपरवाईजर दिलीप महंत को शील्ड एवं सेवा सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने जनता जनार्दन को गणतंत्र दिवस एवं मॉ सरस्वती पूजन पर्व बसंत पचमीं की एक साथ शुभकामनाऍ दी और सभी सम्माननीय अतिथियों के द्वारा क्षेत्रों में निरंतर बेहतर साफ सफाई एवं समर्पित भाव से स्वच्छता के लिए लगातार काम करने तथा स्वच्छता अभियान से लोगों को जो?ने के कार्यो की सराहना करते हुए मुख्य स्वच्छता निरीक्षक श्री मिश्रा को भी ढेर सारी शुभकामनाऍ एवं बधाईयॉ दी। उल्लेखनीय है कि चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल मिश्रा को गत वर्ष भी उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यो के लिए नगर निगम प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया गया था।

साांई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साांई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट टयूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→तिली चिक्की →तिली लड्डू →तिली रेवड़ी →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट नमकीन →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →बिस्केट →फुल्की →गजक →सिंधी पापड़ →चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर 07614038666, 7049079825 9300920067

# मप्र के साढ़े 7 लाख कर्मचारियों की सैलरी बढ़ी, चुनावी साल में शिवराज का तोहफा



**भोपाल यशभारत।** शिवराज सरकार ने चुनावी साल में मध्यप्रदेश के साढ़े 7 लाख अधिकारी-कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने उनका डियरनेस अलाउंस 4 प्रतिशत बढ़ा दिया है। इससे बाद अब प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों को भी केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर 38प्रश डीए मिलेगा। शिवराज सरकार 15 महीने में चार बार में 26प्रश डीए बढ़ा चुकी है। यह कर्मचारियों को साधने की दिशा में शिवराज सरकार का बड़ा कदम बताया जा रहा है। साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पिछले सप्ताह सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के नसरुल्लागंज में अधिकारी-कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) देने की घोषणा की थी। इसके बाद सरकार ने शुक्रवार रात में इसके आदेश भी जारी कर दिए हैं। वित्त विभाग की तैयारी के हिसाब से 4 प्रतिशत डीए के भुगतान में सरकार पर हर साल 1440 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। केंद्र सरकार पिछले साल ही अपने कर्मचारियों को 38प्रतिशत डीए दे रही है।

## 15 महीने में 26प्रश बढ़ा डीए

### फरवरी की सैलरी में जुड़कर आएगा डीए

सातवें वेतनमान के अंतर्गत एक जनवरी 2023 से इसका फायदा मिलेगा, जो फरवरी की सैलरी में जुड़कर आएगा। मंहगाई भत्ते में 50 पैसे या उससे अधिक पैसे को अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा और 50 पैसे से कम राशि को छोड़ दिया जाएगा। इस संबंध में जारी हुए आदेश के मुताबिक मंहगाई भत्ते का कोई भी हिस्सा किसी भी प्रयोजन के लिए वेतन के रूप में नहीं माना जाएगा।

### अब जानिए, कितना मिलेगा फायदा

600 से 9000 रुपए तक बढ़ी आएगी सैलरी
प्रदेश में नियमित शासकीय कर्मचारी 6 लाख 40 हजार हैं, जबकि 1 लाख 10 हजार वर्क चार्ज और दैनिक वेतन भोगी हैं। इस तरह इन 7.50 लाख कर्मचारियों को बढ़े हुए डीए का फायदा होगा। डीए की बढ़ोतरी का न्यूनतम 15500 रुपए वेतन पाने वालों को 625 रुपए और अधिकतम 2 लाख 15 हजार रुपए वेतन पाने वाले अफसरों को 9000 रुपए का हर महीने फायदा होगा। इनमें राज्य सरकार के सुपर क्लास-1, क्लास-1, द्वितीय श्रेणी, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं।

### दो महीने पहले पेंशनर्स को सरकार दे चुकी राहत

करीब दो महीने पहले शिवराज सरकार प्रदेश के करीब साढ़े 4 लाख पेंशनर्स को सरकार ने बड़ी राहत दे चुकी है। उनके ष्ठक्र (डियरनेस रिलीफ यानी महंगाई राहत) में 5त्न की बढ़ोतरी की थी। पेंशनर्स को 33त्न महंगाई राहत 1 अक्टूबर 2022 से दी गई है, जो नवंबर-22 से देय हुई। वर्तमान में पेंशनर्स को 33त्न महंगाई राहत मिल रही है। इसमें न्यूनतम 400 रुपए से लेकर पांच हजार रुपए तक फायदा हो रहा है।

### अब पुरानी पेंशन बना बड़ा मुद्दा

केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों के डीए में अंतर का मामला लंबे समय से कर्मचारी उठा रहे थे।

# 200 रुपये शुल्क के बाद भी बिना स्मार्ट चिप के जारी किए जा रहे कार्ड, लोगों ने की शिकायत

**भोपाल ईएमएस।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) संबंधी कार्य एनआइसी के पोर्टल से होने लगे हैं, लेकिन सौ प्रतिशत कार्य नहीं हो पा रहे हैं। अब भी पूरी तरह से स्मार्टचिप कंपनी का काम खत्म नहीं हुआ है। इससे लोगों को पूरी तरह से आनलाइन सुविधा नहीं मिल पा रही है। लोगों की शिकायत है कि एनआइसी से बिना स्मार्टचिप लगे हुए कार्ड जारी किए जा रहे हैं। इसकी शिकायत आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप खंडेलवाल ने परिवहन अधिकारियों से की है। साथ ही इंटरनेट मीडिया पर बिना स्मार्ट चिप लगा हुआ एक पंजीयन कार्ड भी पोस्ट किया है। खंडेलवाल का कहना है कि बिना चिप लगे हुए कार्ड जारी किए जा रहे हैं और 200 रुपये स्मार्टचिप का शुल्क वसूला जा रहा है। जब एनआइसी के पोर्टल परिवहन सारथी के जरिए वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस बनने लगे हैं और वाहन-चार पोर्टल से वाहनों के पंजीयन होने लगे हैं तो बिना स्मार्ट चिप के कार्ड जारी करे लोगों से 200 रुपये क्यों लिए जा रहे हैं? इसे बंद किया जाए। इस संबंध में उप परिवहन आयुक्त अरविंद सक्सेना का कहना है कि नई व्यवस्था को पूरी तरह से पटरी पर आने में समय लगता है। अभी वाहन-चार से बिना स्मार्टचिप लगे हुए प्लास्टिक के कार्ड जारी किए जा रहे हैं। देश में सभी जगह एक जैसे ही वाहनों के पंजीयन कार्ड जारी होने लगे हैं। पहले स्मार्टचिप लगी होती थी, क्योंकि हर प्रदेश के अलग-अलग पोर्टल से आनलाइन काम होता था। नई व्यवस्था में पंजीयन कार्ड को तभी जारी किया जाता है, जब डीलर संबंधित वाहन मालिक की पूरी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध कराए। ऐसे में कार्ड पर दर्ज नंबर से पूरी जानकारी आ जाती है, उसे देश में कहीं भी देख सकते हैं। अभी पूरी तरह से एनआइसी से काम शुरू नहीं हुआ है, जो जल्द ही होगा। इसके बाद सभी कार्ड बिना चिप के ही जारी होंगे। फिर भी जो खामियां आ रही हैं, उन्हें जल्द दूर किया जाएगा।



# भोपाल में 11 हजार दीपों से हुई मां नर्मदा की महाआरती

भोपाल यशभारत। राजधानी के नरेला विधानसभा क्षेत्र में नर्मदा जयंती की पूर्व संध्या पर सैकड़ों लोग उमड़े। अशोका गार्डन स्थित नर्मदा परिक्रमा पार्क पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा पहुंचा। इस दौरान 11 हजार दीपों के साथ मां नर्मदा का आरती की गई। शुक्रवार शाम नर्मदा जयंती की पूर्वसंध्या पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री और स्थानीय विधायक विश्वास कैलाश सारंग की उपस्थिति में नर्मदा अष्टकम का पाठ शुरू हुआ। इस दौरान हजारों की संख्या में नरेला वासियों ने एक स्वर में त्वदीय पाद पंकजम्...नमामि देवी नर्मदे का उद्घोष किया। वातावरण नर्मदामय हो गया। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने कहा कि वर्ष 2008 के पहले नरेला विधानसभा में जल का संकट था। क्षेत्र के नागरिकों को पेयजल के लिये पानी के टैंकरों पर निर्भर होना पड़ता था। तब उन्होंने नरेला के हर घर में नर्मदा जल पहुंचाने का संकल्प लिया। जनता के सहयोग से यह संकल्प पूरा हुआ। आज यह हम सबका सौभाग्य है कि मां नर्मदा नरेला के हर घर में निवास करती हैं। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा ने नरेला को जलसंकट मुक्त कर क्षेत्रवासियों की प्यास बुझाई है, यह सभी कर्त्तव्य है कि हम मां नर्मदा के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करें।

# जेवर चमकाने का झांसा देकर बुजुर्ग महिला से एक लाख की चेन लेकर फरार हुए बदमाश

भोपाल, ईएमएस। राजधानी के गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में स्थित थ्री बी साकेत नगर में 71 साल की वृद्ध महिला को झांसा देकर शातिर बदमाश उसकी सोने की चेन लेकर चंपत हो गए। बदमाश उनके घर जेवरात चमकाने का कहकर पहुंचे थे। शिकायत मिलने के बाद उक्त मामले में पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद इसमें धोखाध?ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाएगा। गोविंदपुरा थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि मंजू श्रीवास्तव (71) साकेत नगर, पंचवटी मार्केट के पास रहती हैं। 24 जनवरी की दोपहर वह अपने घर के बाहर खडी थी, तभी दो युवक बाइक से पहुंचे और उन्होंने जेवर चमकाकर साफ करने की बात कही। मंजू ने उन्हें मना कर दिया और वह उनके पीछे-पीछे आकर जिद करने लगे। मंजू ने उन्हें पुराना हवनकुंड दिया तो वह कहने लगे कि यह काफी पुराना है और तांबे का नहीं है। इसके बाद मंजू ने उन्हें अन्य तांबे के बर्तन दिए। उन्होंने बरतन चमकाकर साफ कर दिए। इस बीच एक युवक बाहर निकला और बाइक पर बैठ गया।

# अब सर्द हवाओं से कांप रहा मप्र, ग्वालियर दतिया-छतरपुर में कोल्ड-डे



**भोपाल यशभारत।** बारिश और घने कोहरे के साथ अब मध्यप्रदेश सर्द हवाओं से कांप उठा है। प्रदेश के कई शहरों में कोल्ड वेव चल रही है। शनिवार को ग्वालियर, छतरपुर और दतिया में कोल्ड-डे रहेगा। भोपाल, इंदौर-जबलपुर भी ठंडे रहेंगे। इससे स्कूलों में छुट्टी घोषित हो सकती है। 28 जनवरी से प्रदेश में बारिश का नया सिस्टम एक्टिव हो जाएगा। इससे फरवरी के पहले सप्ताह तक बारिश का दौर जारी रह सकता है।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, भोपाल, चंबल और ग्वालियर संभाग के जिलों में शनिवार को कोहरे का असर रहेगा। भोपाल, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, गुना, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर और भिंड में कहीं-कहीं कोहरा छाया रहेगा। प्रदेश का ग्वालियर सबसे ठंडा है। यहां दिन और रात दोनों तापमान में ही गिरावट आई है। वहीं, बारिश का असर भी है। शुक्रवार को भी ग्वालियर में कोल्ड-डे रहा। शनिवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। यहां 14 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से सर्द हवाएं चलेंगी। छतरपुर और दतिया में भी शीतल दिन यानि कोल्ड-डे रहेगा।पिछले एक सप्ताह से आधे प्रदेश में बारिश का दौर चल रहा है। खासकर भोपाल, विदिशा, नर्मदापुरम, रायसेन, भिंड, ग्वालियर, सीहोर, देवास, अशोकनगर, दतिया, हरदा, शिवपुरी, खंडवा, खरगोन, राजग?, बुरहानपुर, गुना, छतरपुर, सागर, टीकमगढ़, रीवा, पन्ना, कटनी, दमोह, सीधी, सतना, जबलपुर, निवा?ी भींग गए हैं। शुक्रवार को मौसम सामान्य रहा। बादल जरूर छाए रहे और सर्द हवाएं चलती रही।

प्रदेश में सबसे ठंडा दतिया, पारा 4 डिग्री बारिश, सर्द हवाओं के साथ अब ठंड का असर फिर से ब?ना शुरू हो गया है। शुक्रवार की रात में दतिया, ग्वालियर समेत कई शहरों में पारा 5 डिग्री के नीचे पहुंच गया। सबसे ठंडा दतिया रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया। ग्वालियर में 4.3, नौगांव में 6.2, गुना में 7.0, खजुराहो में 6.5, रीवा में 8.4, सतना में 9.4, राजगढ़ में 9.5, रतलाम में 9.6 सागर में 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में पारा 12.8, इंदौर में 13.8 और जबलपुर में 12.6 डिग्री तापमान रहा।

# मध्य प्रदेश में उद्योग लगाने पर तीन साल तक सारी अनुमतियों से छूट

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश सरकार ने निवेशकों को कानूनी राहत देते हुए च्मध्य प्रदेश उद्योगों की स्थापना और परिचालन का सरलीकरण अध्यादेश 2023' जारी किया है। इसके तहत राज्य में उद्योग लगाने के लिए अब तीन साल तक किसी भी कानूनी अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। इस अवधि में किसी भी सरकारी अधिकारी-कर्मचारी को इन उद्योगों के निरीक्षण का अधिकार नहीं होगा।

**अध्यादेश जारी, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनेगी उच्च स्तरीय समिति**

तीन वर्ष इन उद्योगों को केंद्रीय कानूनों के अंतर्गत भी अनिवार्य अनुमतियों से छूट रहेगी। अध्यादेश में कहा गया है कि राज्य सरकार एक च्राज्य स्तरीय साधिकारी समितिज (एसएलईसी) गठित करेगी, जो निवेश प्रस्ताव के आधार पर उद्योगों को एक प्रमाण पत्र जारी करेगी। इसके आधार पर निवेशक अपने उद्योग की स्थापना का काम प्रारंभ कर सकेंगे। उद्योग संबंधी किसी भी तरह का विवाद सामने आने पर यह समिति ही उसका निपटारा करेगी। राज्य के राजस्व, नगरीय निकाय, पंचायत राज, श्रम, विद्युत, वाणिज्यिक कर, पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण मंडल, जल संसाधन सहित सभी विभागों की अनुमति से छूट होगी। अध्यादेश में कहा गया है कि उद्योग तीन वर्ष तक आवश्यक सभी अनुमति प्राप्त कर लेंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में घोषणा की थी कि मध्य प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए तीन साल तक आवश्यक अनुमति नहीं लेनी होगी। समिट के 15 दिनों के अंदर राज्य सरकार ने इस बारे में अध्यादेश बनाकर जारी कर दिया। विधानसभा के बजट सत्र में इसके लिए विधेयक लाया जाएगा। इसके अलावा जिन विभागों की अनुमति से छूट दी गई है, उनके कानूनों में संशोधन के लिए भी विधेयक लाए जाएंगे। - ऐसे उद्योगपति जिन्होंने प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए प्रस्ताव दिए हैं, उन्हें नोडल एजेंसी द्वारा अभिस्वीकृति प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। इस सर्टिफिकेट के आधार पर वे उद्योग के निर्माण का काम प्रारंभ कर सकेंगे।

# प्रदेश में पहली बार सेरोगेट मदर बनी यूरोपियन नस्ल की गाय



आईवीएफ तकनीक से बछड़े को दिया जन्म

**भोपाल, यशभारत।** भोपाल के मदर बुल फार्म में पहली बार होल्सटीन फीजियन नस्ल की गाय सेरोगेट मदर बनी है। इस विदेशी नस्ल की गाय ने एक बछ? को जन्म दिया है। यह लैब में तैयार पहला एंब्रियो था, जिसे पिछले साल 13 अप्रैल को इस गाय में प्रत्यारोपित किया था। मप्र राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के एमडी डॉ. एसबीएस भदौरिया ने बताया कि इस एंब्रियो के लिए गिर गाय से अंडाणु और सांड से सामान्य सीमन लिया गया था। जिसका सुखद परिणाम आया है। वहीं जिस समय एंब्रियो तैयार किया गया उस समय तक सेक्स सॉर्टेड सीमन तकनीक ईजाद नहीं हुई थी। केरवा रोड स्थित मदर बुल फार्म आईवीएफ लैब 2019-2020 में स्थापित की गई है। लैब इंचार्ज डॉ. आनंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि कोरोना की वजह से प्रोजेक्ट में कई बाधा आई। उपकरण भी नहीं थे। एंब्रियो तैयार करने में यूज होने वाला मीडियम (रसायनिक पदार्थ) जल्दी खराब हो जाता था। वहीं सरोगेसी के लिए पैरेंट्स गाय और सांड के अंडाणु और सीमन सिंक्रोनाइज नहीं हो पाते थे। जिस वजह से एंब्रियो तैयार होने में समय लगा। पहला एनिमल एंब्रियो जनवरी 2022 में तैयार हुआ। कुल 22 एंब्रियो तैयार हुए थे।5 गाय ने किया कंसीव- डॉ. पल्लवी चौबे ने बताया कि कोरोना प्रोटोकॉल खत्म होने के बाद ही जर्मनी, यूएस आदि जगहों से जरूरी उपकरण और रासायनिक पदार्थ मिल पाया। दो साल के प्रयासों के अप्रैल 2022 में एंब्रियो को विदेशी नस्ल की गाय होल्सटीन फीजियन में भ्रूण प्रत्यारोपित किया। 22 भ्रूण प्रत्यारोपण में से सिर्फ 5 गायों ने ही कंसीव किया। पहला प्रत्यारोपित एंब्रियो से बछड़ा पैदा हुआ। चूंकि यह प्रयोग पहली बार हुआ। अब लैब में केवल बछिया के एंब्रियो तैयार किए जाएंगे।5 गाय ने किया कंसीव- डॉ. पल्लवी चौबे ने बताया कि कोरोना प्रोटोकॉल खत्म होने के बाद ही जर्मनी, यूएस आदि जगहों से जरूरी उपकरण और रासायनिक पदार्थ मिल पाया। दो साल के प्रयासों के अप्रैल 2022 में एंब्रियो को विदेशी नस्ल की गाय होल्सटीन फीजियन में भ्रूण प्रत्यारोपित किया। 22 भ्रूण प्रत्यारोपण में से सिर्फ 5 गायों ने ही कंसीव किया। पहला प्रत्यारोपित एंब्रियो से बछड़ा पैदा हुआ। चूंकि यह प्रयोग पहली बार हुआ।

# नल-जल योजना में कमी वहां के अधिकारियों पर गिरेगी गाज

**भोपाल (यश भारत)।** स्कूलों में नलों में प्लास्टिक टोंटी के स्थान पर जीआइ टैग की टोटी लगाई जाएं। केवल आंकडे के आधार पर नहीं, कार्य हकीकत में होना चाहिए। जिस जिले में नल-जल योजना में कमी मिलेगी, वहां के संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश संभागायुक्त माल सिंह ने कार्यालय में बैठक में हर घर नल-जल योजना की समीक्षा के दौरान शुक्रवार को दिए।



समीक्षा बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदर्शन कुमार सोनी, पीएचई, जल निगम, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल संभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त ने कहा कि जल जीवन मिशन के औचक निरीक्षण करने के लिए मैं भी संभाग स्तर पर भ्रमण करूंगा, जिससे वस्तु स्थिति ज्ञात होगी। अधिकारियों को प्रतिस्पर्धा और लगन से कार्य करने के लिए कहा है। पीएचई के अधिकारियों से कहा कि नल-जल योजना में भोपाल संभाग एवरेज कार्य कर रहा है। अब इसे प्रदेश में एक दो तीन नंबर पर लाने का प्रयास करें और इसके लिए लक्ष्य बनाकर कार्य करें।रू संभागायुक्त ने कहा कि प्रत्येक ग्राम में ग्रामीण नल-जल योजना के संचालन एवं संधारण के लिए समूहों को ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए एक माड्यूल तैयार किया जाए। जिस ग्राम में नल-जल योजना का संचालन समूहों द्वारा अच्छे से किया जा रहा है, वहां जाकर उनके कार्यकलापों को देखा जाए और उसी तरह ट्रेनिंग के माध्यम से सभी समूहों को प्रशिक्षण दिया जाए।

## विकास यात्रा को लेकर सीएम की नेताओं-अफसरों को दो टूक

# शिवराज बोले, ये उड़न छू यात्रा नहीं, पूरा समय देकर हितग्राहियों से चर्चा करें

**भोपाल, यशभारत। मप्र में 5 फरवरी से शुरु हो रही विकास यात्रा को लेकर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर, मंत्रियों, विधायकों से लेकर वार्ड और पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा की। सीएम ने विकास यात्रा को पूरी गंभीरता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा- इस यात्रा की औपचारिकता न निभाएं।**



हमें उडन छू यात्रा नहीं करनी है कि गए और 5 मिनट भाषण देकर निकल लिए। लोगों को लगे कि हमारी सेवा के लिए आए हैं और सेवा करना है जो रह गए हैं उनके नाम जोडने हैं। सीएम ने कहा- मंत्रियों, विधायकों के अलावा शहरी और ग्रामीण निकायों के जनप्रतिनिधियों को बसंत पंचमी और गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा- लगातार पिछले कई सालों से मप्र में विकास का महायज्ञ चल रहा है। अलग-अलग स्तर पर गांव हो, शहर हों या छोटे कस्बे हों सड़कों का जाल बिछ रहा है। अपने प्रदेश में 66 करोड की सिंचाई योजनाओं पर काम चल रहा है। घर-घर पानी देने के लिए नल-जल योजनाओं में 56 हजार करोड रूपए के काम चल रहे हैं। स?को में हम 50 हजार करोड के काम चल रहे हैं। बड़े महानगरों से लेकर छोटे नगरों ग्राम पंचायतों में 50 लाख रुपए तक के काम चल रहे हैं। एक सरकार ऐसी भी आई थी जिसने वित्त आयोग का पैसा पंचायतों को देना बंद कर दिया था। नए सरपंच ये जानते नहीं होंगे। मैंने आते ही सबसे पहले वो पैसा रिलीज करके पंचायतों को दिया था। पंचायतों के जनप्रतिनिधि अच्छा काम कर सकें इसके लिए भी हमने पिछले दिनों योजना बनाई थी। विकास और कल्याण के कामों को जन-जन तक पहुंचाना है। अपनी प्राथमिकता विकास और जनता की सेवा है।

### जरूरत पड़े तो 25 फरवरी से आगे भी चला सकते हैं विकास यात्रा

सीएम ने कहा- 5 फरवरी संत रविदास जयंती मनाकर यात्राएं शुरु होंगी 25 फरवरी तक चलेंगी। ये आगे भी चल सकतीं हैं। यात्राओं में विकास पताका, विकास रथ चलेंगे। इन यात्राओं में सरकार के कामों का प्रचार-प्रसार हो ताकि जनता लाभ उठा सके। प्रभारी मंत्री ये तय करेंगे कि कहां विकास यात्रा किसके संयोजन में चलेगी। प्रभारी मंत्री से चर्चा कर कलेक्टर ये व्यवस्था करेंगे। रथ में माइक, ऑडियो विजुअल की व्यवस्था करें। सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता, वॉलेंटियर, योजनाओं के हितग्राही और नागरिक शामिल होंगे।सीएम ने कहा विकास यात्रा के पहले प्रभारी मंत्रियों को पूरे दौरे करके व्यवस्था बनानी है यदि न बनाई हो तो तत्काल बनाकर मुझे रिपोर्ट करें कि विकास यात्रा का रुट क्या है। यात्रा में रुट का निर्धारण, ग्रामीण क्षेत्र से गुजर रही है और दो-तीन गांवों के लोग बुलाना है तो रूट व्यवहारिक रहे। रूट ऐसा भी न बना देना कि एक दिन में 20 गांव। ये उडन छू यात्रा नहीं हैं। वार्ड में भी जाएंगे तो समय चाहिए। वार्ड में भी जाएंगे तो समय चाहिए।

### सीएम ने नोट कराए विकास यात्रा में होने वाले काम

सीएम ने कहा- विकास यात्रा में जो काम करने है वो नोट कर लें। विकास कार्यों का शिलान्यास, लोकार्पण इसके बारे में जनता को पूरी जानकारी मिले। वार्ड, पंचायत में होने वाले कामों की पूरी सूची लग जाए इससे ट्रांसपेरेंसी आएगी। सीएम जनसेवा अभियान में जितने नए लोगों के नाम जुड़े हैं तो उन्हें स्वीकृति पत्र देना है। फोल्डर में रखकर स्वीकृति पत्र दिए जा रहे हैं। हितग्राही सम्मेलन करें। जितनी योजनाओं के हितग्राही हैं उन्हें सभा में बुलाएं। एक दिन पहले घर-घर खबर कराएं। हितग्राहियों से संवाद करें। अगर कोई पात्र हितग्राही छूट गया हो तो उसका नाम नोट करना है।

# सानिया मिर्जा...6 ग्रैंड स्लैम 205 करोड़ नेटवर्थ

## 4 क्रिकेट कप्तानों की रिश्तेदार, दुबई में घर; महंगी कारों का कलेक्शन भी

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत की टेनिस क्वीन सानिया मिर्जा ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 में मिक्स्ड डबल्स का फाइनल हार गईं। टेनिस करियर में यह उनका आखिरी ग्रैंड स्लैम मैच था। मुकाबले के बाद फेयरवेल स्पीच में उनके आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा, च्ग्रैंड स्लैम करियर खत्म करने के लिए मेलबर्न से बेहतर कुछ नहीं। मुझे कोर्ट पर घर जैसा अहसास कराने के लिए सभी का धन्यवाद।ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में सानिया का सफर थम गया है। कुछ दिनों बाद वे अपना आखिरी प्रोफेशनल मैच भी खेलेंगी।



### फरवरी में खेलेंगी आखिरी मुकाबला

36 साल की सानिया मिर्जा ने 2003 में प्रोफेशनल टेनिस करियर की शुरुआत की। 27 जनवरी 2023 को करियर का आखिरी ग्रैंड स्लैम खेला। सानिया ने एक इंटरव्यू में बताया था कि 19 फरवरी से शुरू होने वाला ङ्क्ष 1000 इवेंट उनके प्रोफेशनल टेनिस करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। इसके बाद वह संन्यास ले लेंगी।

### शुरुआत रिजेक्शन के साथ हुई थी

सानिया ने सबसे पहले 6 साल की उम्र में टेनिस खेलने की इच्छा जताई थी। तब उनकी मां उन्हें हैदराबाद की एक टेनिस एकेडमी में एडमिशन कराने ले गईं। वहां के कोच ने उन्हें एडमिशन देने से मना कर दिया। कोच बोले, इसका साइज तो टेनिस रैकेट से भी छोटा है। ये क्या टेनिस खेलेगी। मां के अधिक अनुरोध करने पर उन्होंने सानिया को दाखिला दे दिया। कुछ ही दिनों में वही कोच सानिया के घर गए और उनकी मां को कहा इतनी कम उम्र में किसी को इतना अच्छा खेलते हुए नहीं देखा।

### मुंबई में पैदा हुई, हैदराबाद में टेनिस सीखा

15 नवंबर 1986 को मुंबई में सानिया का जन्म हुआ। जन्म के कुछ सालों बाद ही उनका परिवार हैदराबाद शिफ्ट हो गया। जहां वह अपनी छोटी बहन अनम के साथ बड़ी हुईं। यहीं उन्होंने टेनिस खेलना सीखा और अपनी स्किल्स इम्प्रूव कीं। हैदराबाद के नासर स्कूल में स्कूली शिक्षा के बाद सेंट मैरी कॉलेज से उन्होंने ग्रेजुएशन किया।

### पिता खेल पत्रकार, बहन अजहरुद्दीन की बहू

सानिया मिर्जा के परिवार का खेल से पुराना नाता रहा। उनके पिता इमरान मिर्जा खेल पत्रकार थे। सानिया के मेंटर होने के साथ वह करीब 20 साल तक उनके कोच भी रहे। बहन अनम पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरूद्दीन की बहू हैं। उन्होंने दिसंबर 2019 में मोहम्मद असदुद्दीन से शादी की थी।सानिया की दादी भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान गुलाम अहमद की मौसी थीं। गुलाम की बहन के बेटे आसिफ इकबाल भी एक समय पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान रहे थे। सानिया ने पाकिस्तानी टीम के एक अन्य कप्तान शोएब मलिक से शादी की। इस तरह सानिया कुल चार इंटरनेशनल क्रिकेट कप्तानों की रिश्तेदार हैं।

### दुबई में हैं सानिया का बंग्लो

दुबई के पाम जुमेराह स्थित च्द आइलैंड बंग्लॉज में सानिया मिर्जा अपने पति शोएब मलिक और बेटे इजहान के साथ रहती हैं। पाम जुमेराह में उद्योगपति मुकेश अंबानी, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान जैसी हस्तियों के भी बंगले हैं। हैदराबाद की फिल्म सिटी में भी सानिया का आलीशान घर है।

### 58.65 करोड़ प्राइज मनी से कमाए

सानिया मिर्जा ने टेनिस करियर के दौरान करीब 58.65 करोड़ रुपए प्राइज मनी से कमाए। प्राइज मनी यानी किसी टेनिस टूर्नामेंट में जीती इनामी राशि। कई बड़ी कंपनियों ने भी उन्हें अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया। ओवरऑल उनकी नेटवर्थ करीब 205 करोड़ रुपए है। टेनिस करियर के दौरान सानिया एयर इंडिया, टाटा टी, एडिडास, हैथवे केबल, टीवीएस स्कूटी और विल्सन जैसे टॉप ब्रांड्स को प्रोमोट कर चुकी हैं।

### कमाल का कार कलेक्शन

लग्जरी लाइफ जीने के साथ सानिया को लग्जरी कार का भी शौक है। उनके पास बीएमडब्ल्यू 7-सीरीज, जगुआर ङ्क्ष, मर्सिडिज बेंज-क्लास, बीएमडब्ल्यू 5-सीरीज, रेंज रोवर इवोक भी हैं। हैदराबाद के मुर्तुजागुड में सानिया मिर्जा टेनिस एकेडमी भी है, जिसे उन्होंने 2013 में शुरू किया था। दुबई में भी उन्होंने अपनी एकेडमी की ब्रांच खोल दी है।

### करियर में 43 ट्रॉफी जीतीं

जूनियर लेवल पर उन्होंने 10 सिंगल्स और 13 डबल्स टाइटल जीते। 2001 में सीनियर लेवल पर डेब्यू करने के बाद 2003 में उन्होंने अपना प्रोफेशनल टेनिस करियर शुरू किया। 16 साल की उम्र से प्रोफेशनल टेनिस करियर शुरू करने के बाद सानिया ने सिंगल्स, विमेंस डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में 20 साल तक टेनिस खेला। इनमें 6 ग्रैंड स्लैम के अलावा उन्होंने कुल 43 ट्रॉफी जीतीं। 2005 में उन्होंने पहली बार ङ्क्ष सिंगल्स का टाइटल जीता था। इसके अलावा वह 2 बार फ्रेंच ओपन और 3 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के करीब पहुंची थीं। लेकिन, फाइनल हारकर वह खिताब नहीं जीत सकीं।

### 2022 में विंबलडन सेमीफाइनल भी खेला

करियर के आखिरी दौर में सानिया मिर्जा 2 ग्रैंड स्लैम जीतने के करीब पहुंची। लेकिन, एक भी जीत नहीं सकीं। पिछले साल विंबलडन में मेट पैविक के साथ मिक्स्ड डबल का सेमीफाइनल खेला। वहीं, अब ऑस्ट्रेलियन ओपन के भी मिक्स्ड डबल इवेंट में खिताब जीतने के करीब पहुंची। लेकिन, ब्राजील की जोड़ी से हार गईं।

### 2013 में आखिरी सिंगल्स खेला

सानिया मिर्जा ने विमेंस सिंगल्स से 2004 में प्रोफेशनल टेनिस करियर शुरू किया था। डबल्स में ज्यादा सफलता और रिस्ट इंजरी के चलते 2013 में उन्होंने सिंगल्स खेलना बंद कर दिया। उन्होंने करियर के आखिरी 10 सालों में विमेंस और मिक्स्ड डबल्स खेलने पर ही फोकस किया।



# सुंदर ने पकड़ा फ्लाइंग कैच, ईशान का रॉकेट थ्रो, कन्फ्यूजन में कॉन्वे ने कैच छोड़ा

रांची, एजेंसी। धोनी के शहर रांची में भारत का अजेय रिकॉर्ड टूट गया। टीम इंडिया को टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 21 रनों से हराया। शुक्रवार शाम को उतार-चढ़ाव भरे इस मुकाबले में कई रोचक मोमेंट देखने को मिले। वॉशिंगटन सुंदर के सुपर कैच के साथ-साथ ईशान किशन का डायरेक्ट थ्रो हमें लंबे समय तक याद रहने वाले हैं। वहीं, अर्शदीप सिंह ने एक ऐसा ओवर किया जिसे वे खुद जल्द से जल्द भूलना चाहेंगे।

### धोनी पवेलियन में पहुंचे धोनी

धोनी पत्नी साक्षीके साथ मैच देखने पहुंचे। वे अपने ही नाम पर रखे गए पवेलियन के VIP लाउंज में बैठे थे।

### वाशिंगटन का अति सुंदर कैच

टॉस गंवाकर बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड टीम ने 4 ओवर में 37 रन बना लिए थे। ऐसे में कप्तान पंड्या ने वाशिंगटन सुंदर को गेंद थमाई। बैटर फिन एलेन ने ओवर की पहली ही बॉल पर छक्का जड़ दिया। हालांकि, सुंदर ने अगली ही गेंद पर हिसाब बराबर कर दिया। उन्होंने एलेन को डीप मिडविकेट पर खड़े सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराकर चलता कर दिया। इस ओवर का रोमांच यही समाप्त नहीं हुआ। ओवर की आखिरी बॉल पर सुंदर ने मार्क चैपमैन को शून्य के स्कोर पर चलता कर दिया। सुंदर की स्लोअर बॉल को लेफ्ट हैंड बल्लेबाज चैपमैन पुश करना चाहते थे। लेकिन शॉट संभाल नहीं सके और गेंद सामने की ओर हवा में चली गई। सुंदर ने दायीं ओर छलांग लगाते हुए एक हाथ से कैच लपक लिया। चैपमैन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

### ईशान का डायरेक्ट थ्रो पर रन आउट

18वें ओवर अर्शदीप सिंह डाल रहे थे। ओवर की 5वीं बॉल डेरिल मिचेल के पैड से लगकर शॉर्ट लेग की दिशा में गई। दूसरी छोर पर खड़े माइकल ब्रेसवेल एक रन चुराने की कोशिश में दौड़ पड़े। इस बीच विकेटकीपरिंग कर रहे ईशान किशन ने पीछे भागते हुए बॉल पकड़ी और शॉर्ट लेग से स्टंप पर कमाल का डायरेक्ट थ्रो मार दिया। ब्रेसवेल रन आउट हो गए।

### अर्शदीप के एक ओवर में लगातार 3 छक्के

पारी का आखिरी ओवर फेंकने की जिम्मेदारी अर्शदीप को मिली। मिचेल ने पहली गेंद पर छक्का जमा दिया। यह नो बॉल थी। मिचेल ने अर्शदीप दूसरी और तीसरी बॉल पर भी छक्के जमाए। वे यहीं नहीं रुके ओवर की चौथी बॉल पर एक चौका भी ज?ा। इस ओवर से 27 रन आए और न्यूजीलैंड का स्कोर 176 रन पहुंच गया। इसी ओवर ने मैच में अंतर पैदा कर दिया। एक समय लग रहा था कि कीवी टीम 150-155 रन ही बना सकेगी।

### ब्रेसवेल ने रन आउट का हिसाब बोल्ड कर चुकाया

भारतीय पारी के दूसरे ही ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने ईशान किशन से अपना हिसाब बराबर कर दिया। किशन ने उन्हें रन आउट किया था। ब्रेसवेल ने किशन को बोल्ड किया। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज महज 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

### पहले आप...पहले आप के चक्कर में टपकाया कैच


14वें ओवर की 5वीं बॉल पर ड्वेन कॉन्वे और ईश सोढ़ी ने पहले आप...पहले आप के कन्फ्यूजन में सुंदर का कैच टपका दिया। सुंदर इस बॉल को पुल करना चाहते थे, लेकिन बॉल बल्ले का टॉप एज लेकर फाइन लेग के ऊपर ख?ी हो गई। ऐसे में विकेटकीपर कॉन्वे कैच पक?ने के लिए पीछे की ओर दौड़े। दूसरी ओर से ईश सोढी भी बॉल की ओर आए। ऐसा लगा कि कॉन्वे अटैम्प्ट करेंगे, लेकिन सोढ़ी आगे बढ़ गए। दोनों के कन्फ्यूजन में बॉल जमीन पर गिर गई। इस बीच सुंदर ने दो रन चुरा लिया। अगले ही ओवर की दूसरी बॉल पर मार्क चैपमैन ने लॉन्ग ऑफ पर दीपक हुड्डा का कैच छोड़ा। इतना ही नहीं, आखिरी ओवर में ईश साढ़ी ने मिड ऑफ में सुंदर का कैच छोड़ा।

### फर्ग्युसन की बाउंसर पर लड़खड़ाए सुंदर

भारतीय पारी के 20वें ओवर में तेज गेंदबाज लोकी फर्ग्युसन ने वाशिंगटन सुंदर को करारी बाउंसर मारी। जिससे सुंदर लड़खड़ा गए। गनीमत की बात है कि उन्हें कोई चोट नहीं लगी। अगली ही बॉल पर सुंदर ने अपना पहला टी-20 अर्धशतक पूरा किया। वे टीम इंडिया को जीत नहीं दिला सके लेकिन बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग तीनों में शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने फैंस का दिल जरूर जीता।

# मुझे घर में कैद किया गया, खाना-पानी भी बंद है

### नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी का गंभीर आरोप, बोलीं- किचन में घुसने तक नहीं दिया जा रहा



**मुंबई, ईएमएस।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी की मां मेहरुनिसा सिद्दीकी ने हाल ही में अपनी बहू और नवाज की पत्नी आलिया के खिलाफ स्नङ्घक्रदर्ज कराई थी। अब इस पूरे मामले पर आलिया का रिएक्शन आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया ने कहा है कि उन्हें अपने घर में उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उनका खाना-पानी बंद कर दिया गया है। यहां तक कि किचन में जाने की मनाही है। आलिया का कहना है कि उन्हें सोफे पर सोना पड़ रहा है। आलिया के मुताबिक, उन्होंने अभी पुलिस से इस मामले में शिकायत नहीं दर्ज कराई है लेकिन अपने वकील को जरूर इसके संबंध में सूचित कर दिया है।

### मुझे कैद करके रखा गया

एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया ने कहा, मुझे घर में कैद करके रखा गया है। घर के बाहर निकलने पर मनाही है। किचन में भी नहीं जाने दिया जा रहा है। मेरे दोस्त जो खाना भेजते हैं उन्हें अंदर नहीं आने दिया जाता। यहां तक कि गेट पर भी नहीं जा सकती क्योंकि मुझे काफी डर लगता है। मुझे लिविंग रूम में सोफे पर सोना पड़ता है।

### मेरे पास सिर्फ एक ही घर है

आलिया अपने बच्चों के साथ दुबई में रहती थी लेकिन उन्हें पॉसपोर्ट संबंधी दिक्कतों की वजह से देश लौटना पड़ा, लेकिन घर आने के बाद उनकी सास ने उनके ऊपर स्नङ्घक्रदर्ज करा दी। उन्होंने आगे कहा, मैं नवाज को 10 साल से जानती हूं, वो जब पॉपुलर स्टार नहीं थे, हमारी शादी तभी हो गई थी इसलिए मुझे जानना है कि उनकी पत्नी के रूप में मैं उनके घर क्यों नहीं रह सकती। मैं अब खुद को फंसा हुआ समझ रही हूं। मेरे पास कोई और घर नहीं है जहां मैं जाकर रह सकूं, लेकिन जो मेरा हक है उसे मैं छोड़ भी नहीं सकती।

# भारत-इंग्लैंड में होगा ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल

### दूसरे सेमीफाइनल में 3 रन से हारा ऑस्ट्रेलिया; न्यूजीलैंड से जीती थी टीम इंडिया

**पोचेस्ट्रूम ,एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच ढ्ढष्टष्ट अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इंग्लैंड ने रोमांचक सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 3 रन से हारकर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि टीम इंडिया दिन के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची थी। पोचेस्ट्रूम में शाम 5=15 बजे इंग्लैंड विमेंस टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। टीम 19.5 ओवर में 99 रन पर ऑल आउट हो गई। एलेक्सा स्टोनहाउस ने सबसे ज्यादा 25 और कप्तान ग्रेस स्क्रीवंस ने 20 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैगी क्लार्क, एला हैवर्ड और सियाना जिंजर ने 3-3 विकेट लिए। 100 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 4 रन पर ही 2 विकेट गंवा दिए। 59 रन तक टीम के 7 विकेट चले गए। तभी एमी स्मिथ (26) पारी को अंतिम ओवरों तक ले गईं। लेकिन, 77 के टीम स्कोर पर वह भी आउट हो गईं। आखिरी 17 बॉल पर टीम को 4 रन की जरूरत थी। उनके पास 2 विकेट थे।



लेकिन, 96 के टीम स्कोर पर ही दोनों विकेट गिर गए और टीम 3 रन से हार गई। पोचेस्ट्रूम में शुक्रवार को पहले सेमीफाइनल में भारत ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का फैसला लिया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 107 रन बनाए। निताशा 3 रन बनाकर नाबाद लौटीं। इससे पहले जॉर्जिया प्लिमर ने 35 और इसाबेला जार्ज 26 रन बनाकर आउट हुईं।भारत के लिए पार्शवी चोपड़ा ने 3 विकेट लिए। भारतीय टीम ने 108 रनों का टारगेट 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। श्वेता (61 रन) ने मैच जिताऊ पारी खेली। उनके अलावा सौम्या तिवारी ने 22 और कप्तान शेफाली वर्मा ने 10 रन का योगदान दिया।

### श्वेता ने हाफ सेंचुरी जमाई, टॉप स्कोरर भी बनीं

भारतीय टीम की ओर से श्वेता सेहरावत (61 रन) ने हाफ सेंचुरी जमाई। इस पारी के साथ ही श्वेता टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर बन गई हैं। उनके बल्ले से अब तक तीन अर्धशतक समेत 292 रन आए हैं। इंग्लैंड की ग्रेस स्क्रिवेंस 269 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। ग्रेस के पास दूसरे सेमीफाइनल में श्वेता से आगे निकले का मौका है।

# सलमान की फिल्म का टीजर लीक, बड़े पर्दे पर साथ आए भाईजान और किंग खान

**मुंबई, ईएमएस।** शाहरुख खान के लिए आज बेहद खुशी का दिन है। आज सिनेमाघरों में उनकी फिल्म पठान रिलीज हो गई है। एक तरफ जहां इस फिल्म को फैंस का खूब प्यार मिल रहा है तो वहीं दूसरी तरफ इस फिल्म का जमकर विरोध भी हो रहा है। वहीं दूसरी ओर आज सलमान खान के लिए भी काफी खुशी का दिन है। एक तरफ जहां पठान रिलीज हुई है, वहीं दूसरी तरफ सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान का टीजर भी रिलीज हो गया है। बता दें 24 जनवरी को सलमान खान ने खुद फिल्म का पोस्टर साझा करके फैंस को इस बात की जानकारी दी थी।सलमान और शाहरुख के बॉन्ड से दुनिया वाकिफ है। भले ही कुछ साल पहले दोनों की कथित दुश्मनी थी, लेकिन फिलहाल दोनों काफी अच्छे दोस्त हैं। यही वजह है कि बॉलीवुड के भाईजान और किंग खान एकसाथ पर्दे पर नजर आए हैं। पठान के साथ किसी का भाई किसी की जान का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस टीजर में दबंग खान का अलग अंदाज नजर आया है। टीजर में सलमान को जबरदस्त एक्शन करते हुए देखा जा सकता है।



हालांकि, इससे पहले भी भाईजान दबंग खान कई फिल्मों में एक्शन करते देखे गए हैं, लेकिन किसी का भाई किसी की जान में वह पूजा हेगड़े संग रोमांस के साथ शहनाज गिल के साथ भी नजर आने वाले हैं। टीजर में सलमान का दमदार एक्शन और पावरफुल फरफॉर्मेंस देखने के बाद आप उनपर से नजरें नहीं हटा पाएंगे। टीजर में सलमान के साथ शहनाज गिल भी दमदार अवतार में नजर आई हैं। शहनाज को फिल्म में देखकर फैंस काफी खुश हो रहे हैं। शहनाज के साथ फिल्म के टीजर में राघव जुयाल, पलक तिवारी और जस्सी गिल भी नजर आ रहे हैं।



# मलाइका अरोड़ा ने कराया ग्लैमरस फोटोशूटब्लू ड्रेस में दिए बेहतरीन पोज, सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

**मुंबई, ईएमएस। 49 साल की मलाइका अरोड़ा एक स्टाइल आइकॉन हैं। फैंस अक्सर उनके लुक्स की तारीफ करते हैं। अब हाल ही में मलाइका ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह ग्लैमरस फोटोशूट कराती हुई दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस रॉयल ब्लू कलर की हाई-थाई स्लिट ड्रेस पहने हुए कैमरे के सामने जबरदस्त पोज दे रही हैं। वीडियो में सनसेट का बैकग्राउंड और मलाइका की खूबसूरती का लाजवाब कॉम्बिनेशन देखने को मिला। इस लुक को उन्होंने ऑक्सिडाइज्ड नेकलेस के साथ कंप्लीट किया है। वीडियो में मलाइका एक से बढ़कर एक पोज और कमाल के एक्सप्रेशंस दे रही हैं। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस मलाइका की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, च्फेवरेटज्तो वही दूसरे ने लिखा, च्बहुत सुंदरज ऐसे ही तमाम यूजर्स मलाइका के इस वीडियो पर जमकर लाइक्स और कमेंट कर रहे हैं।**

## मलाइका ने एक्स हस्बैंड अरबाज को लगाया गले

मलाइका अरोड़ा का उनके पति अरबाज खान से तलाक हो चुका है। अलग होने के बाद भी कपल को उनके बेटे के साथ अक्सर स्पॉट किया जाता है। इसी बीच हाल ही में मलाइका, अरबाज के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं, जिसका एक वीडियो सामने आया था। इस वीडियो में दोनों अपने बेटे अरहान खान को एयरपोर्ट छोड़ने पहुंचे थे। इस दौरान बेटे से अलग होते हुए मलाइका काफी इमोशनल भी होती नजर आई थीं। वहीं, बेटे को छोड़ने के बाद दोनों एक दूसरे को गले लगाते हैं और फिर अपनी-अपनी कार में बैठकर निकल जाते हैं।

# उर्फी के कमेंट पर चाहत खन्ना ने जाहिर की नाराजगी बोलीं- निजी जिंदगी पर कमेंट की क्या जरूरत

**मुंबई, ईएमएस।** चर्चित टीवी अभिनेत्री चाहत खन्ना और उर्फी जावेद के बीच कुछ वक्त पहले जमकर झगड़ा हुआ था। दरअसल, चाहत खन्ना ने उर्फी के बोल्ड लुक्स पर कमेंट किया था। इसके बाद उर्फी ने चाहत की निजी जिंदगी पर कमेंट किया। उन्होंने चाहत खन्ना की दो टूटी शादियों पर कटाक्ष किया था। हाल ही में इस बारे में चाहत खन्ना ने चुप्पी तोड़ी है। चाहत का कहना है कि अपनी पर्सनल लाइफ पर उर्फी की टिप्पणी से वह बेहद आहत हुई हैं। इसके अलावा उन्होंने और भी कई बातें कहीं। चाहत खन्ना ने एक मीडिया संस्थान के साथ हुई बातचीत के दौरान उर्फी जावेद के कमेंट्स पर नाराजगी जाहिर की है। चाहत ने कहा, च्मैं यहां विक्टिम कार्ड या फिर सिंगल मदर कार्ड प्ले करने नहीं आई, बस इसे नॉर्मल करना चाहती हूं।ज चाहत ने ये भी कहा कि जब उन्होंने उर्फी के कपड़ों पर कमेंट किया तो उन्हें उनकी पर्सनल लाइफ पर कमेंट करने की क्या जरूरत थी। चाहत खन्ना ने आगे





कहा, च्जब कुछ और बोलने के लिए नहीं होगा तो आप दूसरों की पर्सनल लाइफ में झांकोगे। कुछ तो बोलना है ना। मैं वह नहीं हूं जो अंडरवियर पहनती है और स्पॉट होने के लिए गलियों में टहल रही है। हां, मेरी पर्सनल लाइफ में समस्याएं हैं, लेकिन मैंने ये जानबूझकर नहीं किया है। मैं तलाक के बाद तलाक इसलिए नहीं ले रही हूं कि इसमें मुझे मजा आता है या ये मुझे पसंद है। स्पॉटिंग के लिए जी-स्ट्रिंग पहनना चॉइस है, जिसे आप पसंद करते हैं। यह बहुत अलग बात है।ज बता दें कि चाहत ने दो शादियां की हैं। उनकी पहली शादी महज 7 महीने तक चली थी। दूसरी शादी उन्होंने फरहान मिर्जा से 2013 में की थी, लेकिन 2018 में उनका तलाक हो गया था। दूसरे पति से चाहत को दो बेटियां हैं। चाहत अकेले ही अपनी बेटियों की परवरिश कर रही हैं।हाल ही में बातचीत के दौरान चाहत ने यह भी कहा कि उन्हें सिंगल मदर होने की वजह से इंडस्ट्री में काम नहीं मिल रहा है। चाहत ने कहा कि वह ट्रोलर्स से परेशान हो जाती हैं। उन्होंने कहा, च्मुझे याद है कि मैंने उस समय कमेंट्स करना बंद कर दिया था, क्योंकि मुझे बहुत बुरी तरह ट्रोल किया जा रहा था। इससे काफी परेशानी होती है।ज चाहत ने आगे कहा, कि च्सिंगल मदर होने के चलते काम ढूंढना मुश्किल हो रहा है। जब लोग मेंशन करते हैं कि अगर ये सिचुएशन नहीं होती तो चीजें अलग होती। हर समय यह एक चैलेंज की तरह होता है। ज्यादातर समय आपको रियल होने के लिए डाउन फील कराया जाता है। शायद इसी वजह से लोग अपने मैरिटल स्टेटस को छुपाते हैं।





# नर्मदामयी हुई संस्कारधानी

**जबलपुर, यशभारत। संस्कारधानी में आज मक्रवाहिनी मां रेवा के प्राकट्योत्सव को लेकर लोगों में अपूर्व उत्साह है। गौरीघाट समेत सेभी तट दुल्हन के भांती नजर आ रहे हैं। जीवनदायिनी माँ नर्मदा के प्राकट्योत्सव पर आज संस्कारधानी प्रात: से ही भक्ति में लीन रही।**

शहर के ग्वारीघाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है। शहर में 50 से ज्यादा प्रतिमाएं मां नर्मदा की स्थापित हैं। शहर में जगह-जगह धार्मिक आयोजन व भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं। नर्मदा तटों पर भी ब्रह्म मुहूर्त से धार्मिक आयोजन शुरू हो गए थे जो देर रात तक चलेंगे। श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में हवन-पूजन, भजन-कीर्तन व भंडारे सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए गए । प्रति वर्ष माघ महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को माता नर्मदा को प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाता है. मान्यता है कि इसी दिन माता नर्मदा का जन्म हुआ था. माता नर्मदा को रेवा नाम से भी जाना जाता है. जबलपुरवासी ही नहीं बल्कि जहां जहां से मां नर्मदा गुजरती हैं वहां नर्मदा को गंगा के समान पूजा जाता है। जबलपुर नगर में आज प्रातःकाल से ही से ही नर्मदा प्राकट्योत्सव पर धार्मिक आयोजनों की धूम रही । मुख्य कार्यक्रम उमाघाट में आयोजित किया गया । यहां साधू संतो की अगुवाई में नर्मदा जी का विधिविधान से पूजन किया जिले में 'हर-हर नर्मदे' की अनुगूंज सुनाई दे रही है। राजनैतिक-सामाजिक, शैक्षणिक-धार्मिक संस्थाओं में सामूहिक सहभागिता ने आयोजन को 'जन-महोत्सव' का स्वरूप दे दिया। पूरे अंचल में एक तरह से 'रिलीजियस टूरिज्म' का नजारा देखा जा रहा है।

## जगह-जगह भंडारों का दौर

नर्मदा जयंती पर जगह-जगह भंडारों का दौर जारी है। इसकी तैयारियां कल रात से ही शुरू हो गई थीं। शहर में होने वाले कई भंडारे ऐसे हैं जिनका इंतजार श्रद्धालुओं को साल भर से होता है। ग्वारीघाट, मिलौनीगंज, सुपर बाजार, रानीताल, दमोहनाका, पारिजात बिल्डिंग के पास होने वाले भंडारों की तैयारी दो दिन से की जा रही है। गौरीघाट में आज करीब दो लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।
















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )